



एक नजर में



## 7 दिवसीय भागवत कथा के समापन पर हुआ भंडार

**चंदला, 25 नवंबर.** छतरपुर जिले के चंदला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजारी शिवोहम कुटी छनिहाँ में संत अलगर्जानंद महाराज जी की स्मृति पर सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के समापन पर एवं अष्टम दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। महिलाओं के लिए भंडारे में व्यवस्था की गई थी , जहां यह मंदिर लोगों का आस्था केंद्र बना हुआ है, आस्था से जुड़े सैलाब सुबह 8ः00 बजे से शाम 7ः00 बजे तक हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारा में लाखों श्रद्धालुओं के प्रसाद के समुचित व्यवस्था की गई है, लोगों ने कहा ऐतिहासिक होगा विशाल भंडारा का आयोजन, भंडारे में लाखों लोगों ने भोजन किया भगवान श्री राम के भक्त हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना हुई, जय श्री राम जय हनुमान के नारे लगाए गये, आसपास का वातावरण भक्ति में मग्न मय हो गया, आसपास हनुमान जी के ध्वजा लहरा हुए दिखे, श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की,और भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी और बूंदी का भोजन कराया गया, पांडाल में जगह जगह स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई थी, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस मौजूद रही है। इस बीच पूजा अर्चना को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया। भव्य भंडारे के साथ लोगों ने अपनी आस्था दिखाई है .

## खेल प्रतियोगिता में लखेरा ने लिया खिलाड़ियों से परिचय



**भैरुंदा.** सांसद खेल प्रतियोगिता के तहत क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भाजपा नेता एवं पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश लखेरा ने पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टॉस कराकर मुकाबले की शुरुआत कराई. खिलाड़ियों व मौजूद दर्शकों को संबोधित करते हुए लखेरा ने कहा कि क्रिकेट भारत के सबसे लोकप्रिय खेलों में है और हमारे देश के कई खिलाड़ियों ने इसी खेल के माध्यम से अपना जीवन संवारते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम ऊंचा किया है. उन्होंने ग्रामीण और छोटे कस्बों के प्रतिभाशाली युवाओं को मंच देने के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं को बेहद महत्वपूर्ण बताया.

## शराब दुकान बंद कराने की मांग को लेकर पहुंचीं कलेक्ट्रेट



**सीहोर.** चुपाड़िया गांव में खोली गई शराब की दुकान बंद करा दीजिए. नशा करने के लिए हमारे पति मारपीट करते है, घर ग्रहस्थी का समान अनाज भी बेच देते है, शराब ने जीवन खराब कर दिया है,युवा बच्चों के नए रिश्ते भी नहीं हो पा रहे हैं. यह बात मंगलवार को घूंघट में ग्राम चुपाड़िया से सरपंच सुनीता मुकेश परमाल के साथ कलेक्ट्रेट पहुंची महिलाओं ने जनसुनवाई में मौजूद अफसरों से कहीं. महिलाओं ने बताया कि शराब का ठेका मुसीबत बना हुआ है बच्चों का स्कूल जाना, श्रद्धालुओं का मंदिर जाना, हाट बाजार जाना, बाहर के रिश्तेदारों का आना,मुश्किल हो गया है .सरपंच सुनीता परमाल ने कहा कि कई बार गांव से शराब दुकान हटाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन दे चुके है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है. गांव की नंदलाल, सीमा, सुनीता, गेंदकुवर, विष्णु, कांता, गुड्डी, सुमित्रा, नर्मदा, सीमा, साजन, मधु, चांद बाई, कविता आदि ने प्रशासन से तत्काल ग्राम चुपाडिय़ा में खुली शराब दुकान बंद कराने की मांग की है.

## कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को वितरित किए कंबल



**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के संकल्प वृद्धाश्रम पहुंचे और वहां रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात की और सर्दी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी. उन्होंने बुजुर्गों से संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने, गर्म कपड़े पहनने और नियमित दवाइयों का सेवन करने का आग्रह किया. इसके साथ ही उन्होंने शरीरिक सक्रियता के लिए पैदल चलना, हल्का व्यायाम या योग करने की सलाह दी. कलेक्टर ने सभी बुजुर्गों को कंबल वितरित किए. इस अवसर पर जीएम डीआईसी अनुराग वर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय महेश यादव तथा वृद्धाश्रम के संचालक राहुल सिंह उपस्थित थे.

## शिव परिवार शीतला माता,हनुमान प्रतिमा की स्थापना आज

**सीहोर.** आज चाणक्यपुरी में राजराजेश्वरी माता मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा. बीते दिनों से शिव परिवार,शीतला माता व संकट मोचन हनुमानजी महाराज की प्रतिमाओं में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. आयोजन समिति के पं. सुनील शर्मा ने बताया कि कथा वाचक प.रविन्द्राचार्य शर्मा द्वारा प्रतिदिन शिव महापुराण कथा का वाचन श्रद्धालुओं के समक्ष किया जा रहा था. मंदिर के पूजारी पं. संजय तिवारी, पं. शेलेश तिवारी, पं. अखिलेश शास्त्री, पं. वीरेंद्र शास्त्री, पं.अनमोल शास्त्री द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आज संपन्न कराए जाएंगे.

## बीएलओ घर-घर जाकर कर रहे गणना फार्म संग्रह

**सीहोर.** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को तेजी से संचालित किया जा रहा है. सभी बीएलओ अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्र क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से गणना फार्म एकत्र कर रहे हैं और प्राप्त जानकारी को 'बीएलओ मोबाइल एप' पर अपलोड कर रहे हैं. एसआईआर की प्रगति पर सतत निगरानी के लिए एसडीएम, तहसीलदार एवं नोडल अधिकारी लगातार फील्ड भ्रमण कर रहे हैं.

# सैकड़ों मकान अधूरे, पात्र लोग सूची से बाहर

## पीएम आवास योजना में बड़ा भ्रष्टाचार उजागर, सिस्टम ने मंजूरी पाने वालों के भी घर अधूरे छोड़ दिए

- 6075 लाभार्थियों में से 311 ने मकान बनाए बिना
- जांच के बावजूद कार्रवाई नहीं, कुर्की प्रस्ताव भी दबाए
- 4210 आवेदकों में सिर्फ 30 को मंजूरी




**छतरपुर, 25 नवंबर. प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ शहर के जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है. योजना का उद्देश्य गरीब और बेघर परिवारों को पक्की छत देना था, लेकिन नगर पालिका की लापरवाही और भ्रष्टाचार ने इस लक्ष्य को धुंधला कर दिया है.**

शहर में 4210 चयनित आवेदकों में से सिर्फ 30 लोगों को मंजूरी मिल पाई है, जबकि बाकी आवेदन वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं. जिन लाभार्थियों को मंजूरी मिल भी गई, उनके घर अभी तक पूरे नहीं हो सके हैं. नगर पालिका द्वारा अब तक चार डीपीआर तैयार की गई थीं, जिनके माध्यम से 6075 लोगों को लाभ दिया गया था. लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि 311 लाभार्थियों ने या तो मकान नहीं बनाया या अधूरा छोड़ दिया, जबकि पूरी राशि निकाल ली गई. इन अनियमितताओं में नगर पालिका अधिकारियों की मिलीभगत की शिकायतें भी लगातार उठ रही हैं. आश्चर्य की बात है कि 13 मामलों में कुर्की का प्रस्ताव भेजा गया, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई. योजना में पारदर्शिता की कमी साफ दिखाई दे रही है. नगर पालिका ने 3600 बीएलसी, 510 होम लोन सब्सिडी और 100 किराए वाले मकानों के प्रस्ताव शासन को भेजे थे, लेकिन इनमें से अधिकांश फ़ाइलें आज भी मंजूरी का इंतजार कर रही हैं. यह धीमी रफ्तार सरकार की मंशा पर नहीं, बल्कि स्थानीय स्तर पर फैल चुके सिस्टम की उदासीनता और भ्रष्टाचार पर सवाल खड़ा करती है.

कल्याणी (विधवा) महिलाओं की अनदेखी, पात्र होने के बावजूद अधिकांश को सूची से बाहर रखा गया. सबसे चिंताजनक स्थिति विधवा कल्याणी महिलाओं की है. वार्ड 1 से 10 तक की सूची में 200 स्वीकृत आवेदनों में से सिर्फ 10 कल्याणी महिलाओं को जगह मिली है, जबकि हकीकत यह है कि हर वार्ड में 40 से ज्यादा विधवाएं ऐसी हैं, जो पात्र होने के बावजूद चयन सूची से बाहर रखी गईं. इनमें से कई महिलाएं अपने परिवार की अकेली जिम्मेदारी संभाल रही हैं और आज भी बिना पक्की छत के जीवन गुज़ार रही हैं.

> **सरकारी राशि पर भ्रष्टाचार ने डाका डाला**
> योजना का मकसद गरीबों को राहत देना था, लेकिन नगर पालिका की लापरवाही और अनियमितताओं ने कई परिवारों के सपनों पर पानी फेर दिया है. जरूरत है कि इन अनियमितताओं की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि योजना का लाभ वास्तव में पात्र लोगों तक पहुंच सके.

## पीलिया से ग्रसित हुए निजी कॉलेज के छात्र

**सीहोर.** जिले के ग्राम कोठरी स्थित निजी कॉलेज में कई बच्चों के बीमार होने की जानकारी मिली है. इन बच्चों को पीलिया और वायरल फीवर बताया गया है. सावधानी बरतते हुए कॉलेज प्रबंधन ने 23 बच्चों को उनके घर भेज दिया है. इस मामले में कई अभिभावकों ने जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी थी, जिस पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम कॉलेज पहुंची और बच्चों की जांच की. जानकारी के अनुसार कोठरी में अशासकीय कॉलेज में छात्रों के बीमार होने की सूचना पर सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम कॉलेज पहुंची थी. सीएमएचओ डॉ. सुधीर डेहरिया टीम के साथ खुद गए थे। उन्होंने बताया कि पीलिया और वायरल फीवर से कई बच्चों के बीमार होने की सूचना मिली थी। कॉलेज में जाने पर पता चला कि यहां पर 23 छात्र पीड़ित थे जिन्हें कॉलेज प्रबंधन ने उनके घर भेज दिया था.

# बागेश्वरधाम में होगा सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव

- इस बार 300 गरीब बेटियों का विवाह कराया जाएगा
- पंजीकरण 1 से 15 दिसंबर तक कार्यालय नंबर-5 में होगा



**छतरपुर, 25 नवंबर. बागेश्वर धाम में अगले वर्ष 15 फरवरी 2026 को भव्य सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव आयोजित किया जाएगा. इस वर्ष धाम द्वारा 300 गरीब, बेसहारा और मातृ-पितृहीन बेटियों का विवाह संपन्न कराया जाएगा.**

आयोजन के लिए पंजीकरण 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक रहेगा, जिसमें इच्छुक परिजन धाम के कार्यालय नंबर-5 में जाकर नाम दर्ज करा सकते हैं. पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी शिवरात्रि के अवसर पर यह सामाजिक और धार्मिक आयोजन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि प्राथमिकता उन बेटियों को दी जाएगी, जो आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवारों से आती हैं, बेसहारा हैं या जिनके माता-पिता नहीं हैं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यदि देशभर के मंदिरों में चढ़ाई जाने वाली दान राशि का उपयोग गरीब बेटियों के विवाह में होने लगे, तो किसी भी परिवार की बेटी बोझ नहीं रहेगी. उन्होंने लोगों से अपील की कि इस जानकारी को ज्यादा से ज्यादा साझा करें, ताकि जरूरतमंद बेटियों को इस योजना का लाभ मिल सके.

> धाम से मिली जानकारी के अनुसार, पूरे आयोजन का खर्च दान पेटी से प्राप्त राशि से वहन किया जाता है. पंजीकरण के बाद धाम की टीम पात्रता सुनिश्चित करने के लिए आवेदकों के घर-घर जाकर जांच भी करेगी. केवल सत्यापित और पात्र बेटियों को ही विवाह समारोह में शामिल किया जाएगा.

# पत्नी से नाराज पति ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगाई

- विनोद 90 फीसदी तक जल चुका है, हालत नाजुक है
- पत्नी डिलीवरी के बाद मायके गई इसी बात से पति नाराज था

**छतरपुर 25 नवंबर. नौगांव थाना क्षेत्र के लुगासी गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 30 वर्षीय विनोद अहिरवार ने पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली.**

घटना के समय वह घर में अकेला था. अचानक उठी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाई. इसके बाद तुरंत लुगासी चौकी पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस ने गंभीर रूप से झुलसे विनोद को नौगांव अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया. जिला अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात डॉ. रोशन द्विवेदी ने बताया कि विनोद का शरीर लगभग 90 प्रतिशत जल चुका है, जिसके कारण उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है. मंगलवार सुबह भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया. परिजनों के अनुसार, विनोद दिल्ली में मजदूरी करता है. उसकी शादी पांच साल पहले हुई थी और उसके दो छोटे बच्चे हैं. तीन साल की बेटी और एक महीने का बेटा. हाल ही में पत्नी की डिलीवरी हुई थी, जिसके बाद वह बच्चों सहित मायके चली गई थी. इसी बात से विनोद मानसिक रूप से परेशान था और नाराजगी में उसने यह आत्मघाती कदम उठाया. लुगासी चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गांव में हुई इस घटना से माहौल गमगीन है और परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है.

# जिलेभर में संविधान दिवस पर आज कार्यक्रम का होगा आयोजन

**सीहोर 25 नवंबर.** जिला मुख्यालय में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाएगा. इस संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक में अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है. शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों एवं विभिन्न विभागों में प्रस्तावना वाचन, जनजागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठियों तथा विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा.

# छत्रसाल चौराहे पर स्कॉर्पियो-स्कूटी की भिड़ंत

- टक्कर, बहस, जाम व आरोप, चौराहे को आधा घंटा जाम



**छतरपुर नगर, 25 नवंबर. शहर के छत्रसाल चौराहे पर बीती शाम एक स्कॉर्पियो और स्कूटी की टक्कर के बाद हंगामा खड़ा हो गया.**

हादसे के बाद दोनों पक्षों के बीच हुई तीखी बहस के कारण करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा, जिसमें एक एम्बुलेंस भी फंसकर राहगीरों को परेशान होना पड़ा. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और बाद में वाहन मालिक पर 2,000 रुपये का चालान किया, साथ ही नाबालिग ड्राइवर पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार, काले रंग की स्कॉर्पियो (एमपी 16 सी 8001) को एक नाबालिग युवक चला रहा था. तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए उसने मेस्ट्रो स्कूटी (एमपी 16 एस 7251) को टक्कर मार दी. स्कूटी चालक धर्मेंद्र यादव ने कहा कि नाबालिग के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था और वह भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में लापरवाही से वाहन चला रहा था.

टक्कर के बाद स्थिति तब बिगड़ी जब स्कॉर्पियो में सवार एक युवती ने गुस्से में उतरकर स्कूटी चालक से बहस की और कथित तौर पर चप्पल से मारने की धमकी दी. इससे माहौल और गर्म हो गया और चौराहे पर लंबा जाम लग गया. हालांकि, युवती ने थाने में दिए बयान में इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि विवाद मामूली था और उसने किसी तरह की धमकी नहीं दी. स्थानीय लोगों के मुताबिक, स्कॉर्पियो बुंदेली कलाकार अंजलि अहिरवार के नाम पर दर्ज है, जो अपनी बहन के साथ गानों की शूटिंग के लिए जा रही थीं. गाड़ी उनके नाबालिग भाई ने चलाई, जिसके खिलाफ धारा 3/181 और 5/180 के तहत कार्रवाई की गई है. कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद दांगी ने बताया कि वाहन मालिक पर 2,000 रुपये का चालान भी किया गया है.

# चमरौरा पुरवा पलटा स्कूल में शिक्षकों की कमी

- जनपद सदस्य ने कलेक्टर जनसुनवाई में दिया आवेदन
- शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित




**छतरपुर, 25 नवंबर. गौरिहार विकासखंड की शासकीय प्राथमिक शाला चमरौरा पुरवा पलटा में शिक्षकों की कमी को लेकर जनपद सदस्य ने गंभीर चिंता जताई है.**

स्कूल में लंबे समय से पर्याप्त शिक्षक न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है. इसी समस्या को लेकर जनपद सदस्य मंगलवार 25 नवंबर को दोपहर 12ः30 बजे छतरपुर जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचीं और शिक्षकों की नियुक्ति एवं व्यवस्था सुधारने हेतु औपचारिक आवेदन प्रस्तुत किया. जनपद सदस्य ने कहा कि लगातार शिकायतों के बावजूद स्कूल में स्टाफ की कमी दूर नहीं की गई है, जिससे छोटे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है. उन्होंने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की.

## जुआ खेलते तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**रेहटी, 25 नवंबर.** थाना पुलिस ने समीप के ग्राम इटावा जदीद में अवैध रूप से ताश पत्तों से हार जीत का दाव लगा रहे तीन जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार करते हुए उनके पास से ताश पत्ते और 9 हजार रुपए से अधिक की राशि बरामद की है. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना मिली थी कि ग्राम इटावा जदीद के एक मकान में कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं. पुलिस ने दबिश देकर वहां से तीन जुआरियों राजेन्द्र आ. नेपाल सिंह, अर्जुन चौहान आ. नर्मदा सिंह चौहान और सुमित आ. सुनील वाल्मीकि को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. आरोपियों के पास से 1200 रुपए तथा फड़ से 7950 रुपए कुल 9 हजार 150 रुपए नगदी व ताश पत्ते जब्त किए हैं. आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है.

## राम विवाह में सम्मिलित हुईं अरुणा राय

**सीहोर.** अयोध्या की तर्ज पर राठौर समाज श्रीराम मंदिर कस्बा में मंगलवार को श्रीराम जानकी मंगल विवाह महोत्सव आयोजित किया गया. कार्यक्रम में श्रीमती अरूणा सुदेश राय ने सम्मिलित होकर माता सीता की प्रतिमा की विधिवत पूजा अर्चना कर मंगल विवाह प्रांरभ किया. शुक्ल पंचमी को प्रभु श्रीराम-माता जानकी जी का विवाह हर्षोउल्लास से श्रद्धालुओं के द्वारा सम्पन्न कराया गया. आयोजन समिति के द्वारा रामजी की बारात निकाली गई. बारात ने अयोध्या बने हनुमान फाटक कस्बा से समधी-महाराजा जनक के राम मंदिर राठौर समाज कस्बा में प्रस्थान किया. श्रीमती अरूणा सुदेश राय ने राम बारात का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.

धार्मिक | दशहरा मैदान में श्रीमद भागवत प्रज्ञा पुराण कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

# संस्कारवान, नशामुक्त और आदर्श युवा ही सच्चे राष्ट्र निर्माता



नवभारत न्यूज

**बुधनी 25 नवंबर.** नगर के दशहरा मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा में मुख्य अतिथि श्री-श्री नर्मदेश्वर1008 अवधूत बापू जी महाराज पधारे, नर्मदापुरम की सांसद माया नारोलिया, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता मालवीय, योगी योगानंद मिश्रा प्राण योग विशेषज्ञ ने देवपूजन किया .

श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण का पूजन करने के बाद कथा व्यास श्री अमृते से आशीर्वाद लिया और आज की कथा में कथा व्यास श्री सूरत सिंह अमृते ने बताया कि भारतीय संस्कृति में ऋषि परंपरा, संस्कारों का महत्व एवं वर्तमान युवा पीढ़ी को नशामुक्त बनाकर भारत को पुन: गौरवशाली राष्ट्र बनाने के उद्देष्य को लेकर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से हापुड़ जिले में धौलाना में अपने चार दिवसीय प्रवास पर आई टोली द्वार 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत प्रज्ञा पुराण कथा के माध्यम से परम पूज्य गुरूदेव आचार्य पं श्रीराम शर्मा के युग निर्माण मिशन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया.

हरिद्वार से आए टोली नायक श्री अमृते ने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार से कई टोलियां पूरे भारत में निकली हैं, जो युवाओं को मिशन के सप्तसूत्रीय क्रांतिकारी आंदोलनों से जोडक़र उनमें नई आध्यात्मिक चेतना एवं राष्ट्र जागरण के प्रति नई ऊर्जा का संचार करेंगी. श्री अमृते ने बताया कि हमारी प्राचीन भारतीय ऋषि संस्कृति सारी दुनिया में फैली हुई थी. जिससे बच्चों में संस्कार एवं आदर्श भरे थे इसलिए हमारा देश कभी ज्ञान के क्षेत्र में जगद्गुरु था धन के क्षेत्र में सोने की चिड़िया कहलाता था.वही संस्कार परंपरा आज पुन: जागृत हो एवं भारत विश्व गुरू बनकर उभरे इसके लिए शांतिकुंज हरिद्वार विचार क्रांति अभियान के माध्यम से व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं युग निर्माण हेतु लगातार प्रयासरत है. टोली नायक अमृते एवं उनके सहायक बनवारी लाल सैनी, सोमार नागेश, नीरज विश्वकर्मा, मनीष साहू एवं 51 गांव के भाई बहनों के द्वारा समयदानी युवाओं एवं महिलाओं को संकल्प दिलाया.